>

Title: Damand for the arrangement of cold storage system in Parliamentary Constituency, Basti.

श्री हरीश द्विवेदी (बस्ती): महोदय, मैं आपका ध्यान अपने संसदीय क्षेत्र बस्ती की एक महत्वपूर्ण समस्या की तरफ दिलाना चाहता हूं। मेरे संसदीय क्षेत्र बस्ती में किसानों की फसलों को सुरक्षित रखने के लिए कोई भी कोल्ड स्टोरेज नहीं है, जिसकी वजह से किसानों को अपनी फसलों को सुरक्षित रखने में समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। कोल्ड स्टोरेज के अभाव में किसान फलों, सब्जियों एवं अन्य कमाऊ फसलों की खेती बेहतर ढंग से नहीं कर पा रहे हैं, क्योंकि उत्पाद को सुरक्षित एवं संरक्षित रखने की कोई अच्छी व्यवस्था नहीं है। अतः उपरोक्त समस्या को देखते हुए मैं आपके माध्यम से सरकार से मांग करता हूं कि मेरे संसदीय क्षेत्र बस्ती में कोल्ड स्टोरेज की व्यवस्था की जाए, जिससे किसान भाई अपनी फसलों को सुरक्षित रख सकें और उनकी आय में वृद्धि हो सके।

माननीय अध्यक्ष : श्री कुलदीप राय शर्मा को श्री हरीश द्विवेदी द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।